साहित्य अकादेमी

स्वच्छता पखवाड़ा (27 सितंबर 2017)

साहित्य अकादेमी द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज रवींद्र भवन परिसर में साहित्य अकादेमी के सचिव एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर के विभिन्न हिस्सों में फैले हुए कूड़े आदि को साफ किया गया। सभी कर्मचारियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और परिसर में फैले हुए विभिन्न तरह के कूड़े विशेषत: पॉलिथिन, पत्थर इत्यादि को पूरी तरह से साफ किया। परिसर के मुख्य द्वार के आस-पास की भी सफाई की गई। इस अवसर पर सचिव महोदय ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए अनुरोध किया कि परिसर में इस तरह की साफ-सफाई स्वयं कुछ-कुछ समय बाद करते रहना चाहिए और यह सावधानी बरतनी चाहिए कि परिसर गंदा न हो।